संख्याः /XIX/06–172/2004

प्रेषक,
हरिश्चन्द्र जोशी,
सचिव,
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,
आयुक्त,
खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग,
उत्तरांचल शासन।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति अनुभाग–1

देहरादूनः दिनॉक 26 अक्टूबर, 2006

विषयः– खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अन्तर्गत कार्यालयों/गोदामों में कम्प्यूटीकरण किये जाने हेतु कम्प्यूटर/साफ्टवेयर के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अन्तर्गत सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा हिल्ट्रान के माध्यम से विभाग की आपूर्ति शाखा/विपणन शाखा/लेखा शाखा एवं विधिक माप विज्ञान विभाग के कार्यालयों तथा गोदामों के लिए उपलब्ध कराये गये कम्प्यूटर/साफ्टवेयर के संबंध में श्री जयवीर सिंह, एम0आई0 खाद्य विभाग को नोडल अधिकारी नामित किया जाता है। श्री सिंह अपने वर्तमान दायित्वों के साथ उक्त कार्य का भी सम्पादन करेंगे।

अतः अनुरोध है कि प्रश्नगत प्रकरण में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अन्तर्गत कार्यालयों/गोदामों में कम्प्यूटीकरण किये जाने हेतु कम्प्यूटर/साफ्टवेयर के संबंध में समस्त सूचनाओं से नोडल अधिकारी को उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि तदनुसार स्पष्ट स्थिति शासन को प्राप्त हो सकें।

भवदीय,
(हरिश्चन्द्र जोशी)
सचिव।

संख्याः 1077 (1) XIX/06–172/2004, तद्दिनॉक।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को इस आशय से प्रेषित कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अन्तर्गत कार्यालयों/गोदामों में कम्प्यूटीकरण किये जाने हेतु कम्प्यूटर/साफ्टवेयर के संबंध में नोडल अधिकारी को यथा आवश्यक सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें :–

1. सहायक आयुक्त, (खाद्य) कुमायूँ/गढ़वाल संभाग, हल्द्वानी/देहरादून।
2. नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान विभाग, उत्तरांचल देहरादून।
3. वित्त नियंत्रक, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, देहरादून।
4. उपसंभागीय विपणन अधिकारी, मुख्यालय देहरादून।
5. समस्त जिलापूर्ति अधिकारी, उत्तरांचल।
6. समस्त जिला सूचना अधिकारी, राष्ट्रीय सूचना केन्द्र उत्तरांचल।
7. निदेशक, एन0आई0सी0, सचिवालय परिसर देहरादून।
8. श्री जयवीर सिंह, एम0आई0 खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, उत्तरांचल।

आज्ञा से,
(एम0सी0उप्रेती)
अपर सचिव।